## झील महोत्सव : दिन में साहसिक खेल, रात में सजेगी सुरों की महफिल

### मप्र पर्यटन बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद का 29 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजन

**बिंयोड स्टूडियोज ने तैयार किया कार्यक्रम का डिजाइन**

**मंडला, देशबन्धु।** जबलपुर बरगी बांध पुन: जल, थल और नभ पर होने वाले साहसिक खेलों का साक्षी बनेगा। 29 मार्च से 13 अप्रैल तक मंडला जिले के विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम देवरी-बकई में होने वाले झील महोत्सव में स्लिंग शॉट, वाटर पैरा सेलिंग, सर्फिंग जैसे साहसिक खेल होंगे, वहीं शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) के आयोजन में पर्यटक नाइट वाटर सफारी का आनंद क्रूज पर उठा सकेंगे। महोत्सव में राजस्थान, महाराष्ट्र के कलाकार लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे, वहीं नगर व अन्य राज्यों के कलाकार सुगम और शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति करेंगे। एक घंटे के नौका विहार के दौरान



नगर के बैंड और अन्य संगीत समूह संगीत की महफिल सजाएंगे। पर्यटकों के ठहरने के लिए अमेरिकन स्विस टेंट भी लगाए जा रहे हैं।

देवरी बकई के नर्मदा व्यू के निकट आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड और दक्षिण भारत के सिने स्टार शिरकत करेंगे। महोत्सव को राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए फिल्म निर्माता और बियोंड स्टूडियोज के एमडी भारत भूषण ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। महोत्सव का डिजाइन और एग्जिक्यूशन वह कर रहे हैं। जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह ने बताया कि झील महोत्सव के वाटर स्पोर्टस और कल्चरल प्रोग्राम का फ्यूजन पर्यटकों को आकर्षित करने वाला बनाया गया है। महोत्सव राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा। बियोंड स्टूडियोज के एमडी भारत भूषण ने बताया कि इस महोत्सव की कार्ययोजना ही इस प्रकार बनाई गई है कि इसमें भाग लेने के लिए देशभर के लोग आएं, यहां लोगों के आनंद के लिए समुद्र तटों पर होने वाली अनोखी राइड्स के अलावा महोत्सव के पूरे क्षेत्र को फुटफाल बढाने के लिहाज से तैयार किया जा रहा है।

**मंडला कलेक्टर और एसपी ने किया आयोजन स्थल का दौरा**

झील महोत्सव मंडला जिले की सीमा के अंतिम गांव देवरी बकई के नर्मदा व्यू में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम स्थल का दौरा बीते दिन मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने एसपी रजत सकलेचा सहित जिले के कई अधिकारियों के साथ किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह, पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्रा, बियोंड स्टूडियोज के एमडी भारत भूषण, एसडीएम निवास शाहिद खान आदि उपस्थित थे।

**क्रूज पर नाइट सफारी और हाउस बोट का आनंद उठाएंगे लोग**

झील महोत्सव के दौरान बरगी बांध पर दो क्रूज चलाई जाएंगी जो पर्यटकों को एक घंटे बांध में नौकाविहार कराएंगी। इस दौरान नगर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। क्रूज पर भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी। जलविहार के क्रम में एक हाउस बोट बरगी बांध में उतारा जाएगा जो पर्यटकों को अलग अनुभव कराएगा।

## चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन की बैठक आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज में चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ लम्बित बिन्दुओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रभावित परिवारों का ब्याज सहित पूरक अवार्ड पारित करने, गोंझी में निर्मित आवासीय कॉलोनी की मरम्मत एवं आवश्यकतानुसार नए निर्माण, टाटीघाट के 70 परिवारों का भू-अर्जन अवार्ड, दोहरे विस्थापन, वन अधिकार पत्र धारकों के मामले, मानेगांव पूरक अवार्ड पारित करने, ग्राम कुंडा के तीन परिवारों के पूरक अवार्ड, मकान अलॉटमेंट, मकान के एग्रीमेंट तथा अधिग्रहित भूमि पर कब्जा के विषय में विस्तृत जानकारी ली। उक्त विषयों पर चुटका परमाणु परियोजना के अधिकारियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ नित्यानंदन एल, अपर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, एसडीएम निवास शाहिद खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

### सार-समाचार

## गोकसी को बर्दाशत नहीं किया जाएगा : कलेक्टर

**दमोह, देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा किसी भी स्थिति में गोकशी या गो हत्या को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस उद्देश्य से पुलिस प्रशासन, वन विभाग और नगरपालिका सभी मिलकर के संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहे हैं। अभी तीन दिन लगातार अभियान चलाया है जिससे करोड़ों की जमीन मुक्त हुई है, वहां से मलबा भी तत्काल हटाया जा रहा है और उस जमीन को सुरक्षित करने की भी निर्देश दिए हैं कि वहां पर फेंसिंग करवा दी जाए।

नगर पालिका उसका एक प्रस्ताव दे रही है और हम पूरी फेंसिंग करवाएंगे ताकि जगह फिर से उस तरह से ना हो। उन्होंने कहा जो रैंप बने हुए थे वह भी हटवा दिए गए हैं। वह सुनसान एरिया है, वहां पर रात के समय में वन विभाग और पुलिस विभाग मिलकर लगातार गस्त करेंगी। इसके अलावा आज दमोह हेल्पलाइन पर भी मैसेज कर दिया है कि जहां पर भी किसी को ऐसा लगता है की गोकशी की घटना हो रही है या होने की संभावना है तो हमें दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812- 350300 पर जरूर बताएं। शिकायतकर्ता का नाम और नंबर गोपनीय रखा जायेगा, इससे हमको इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए मदद मिलेगी।

## अच्छे स्वास्थ्य और निरोगी जीवन के लिए जैविक वाटिका लगाएं

**दमोह, देशबन्धु।** पर्यावरण नियोजन एवं समन्वयक संगठन एपको की भोपाल इकाई के द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में ईको क्लब के अंतर्गत पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के खाद्य वैज्ञानिक डॉ. बीएल साहू और श्रीराम कुरेरिया जो कि आर्गेनिक फार्मिंग और नेचुरल फार्मिंग के विशेषज्ञ हैं कार्यक्रम के मुख्यवक्ता रहे।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ पीके जैन, वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एनआर सुमन और कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मीरा माधुरी महंत मंच पर उपस्थित रही। डॉ माधुरी महंत ने विषय विशेषज्ञों का परिचय और कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया।

श्रीराम कुरेरिया ने मेहता आर्गेनिक ग्रीन दमोह के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों का प्रोजेक्टर के माध्यम आर्गेनिक खाद निर्माण सहित विभिन्न जानकारी साझा की। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट की विधि और उसकी उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने कहा की रासायनिक खाद और दवाइयों से जमीन की उर्वरा शक्ति क्षीण हुई है इसलिए देश और दुनिया के किसानों में वर्मी कंपोस्ट को न केवल अपना रहे हैं बल्कि जागरूक भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की कीट और केंचुआ हमारे मित्र हैं हमें इनकी उपयोगिता को समझने की जरूरत है। उन्होंने जैविक खेती को प्रोत्साहित किया और इसकी विधि विद्यार्थियों से साझा किया। डॉ. पीके जैन ने कहा कि वर्मी कंपोस्ट एक पुरानी पद्धति और उपयोगी पद्धति रही है पर किसान अधिक उत्पादन के लालच में रासायनिक खाद और दवाइयों का उपयोग कर रहें हैं, पर यह खेत और मनुष्य के लिए हानिकारक है।

## विधायक मलैया की मौजूदगी में श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी दी

**दमोह, देशबन्धु।** तीनगुल्ली चौराहे पर मजदूरी की तलाश में एकत्रित होने वाले श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा आज शासन की संचालित योजनाओं की जानकारी विधायक जयंत कुमार मलैया की उपस्थिति में प्रदान की गई। साथ ही निर्माण श्रमिक किन-किन क्षेत्रों में कार्य करते हैं, उनकी समस्याएं क्या है से संबंधित विषयों का सर्वे कार्य भी शुरू किया गया। उपस्थित निर्माण श्रमिकों को विधायक मलैया द्वारा स्वल्पाहार कराया गया एवं श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है या नहीं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर कोचर द्वारा सभी श्रमिकों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में उपस्थित होकर समस्या बताने के लिए कहा गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा श्रीमिक सर्वे का कार्य श्रम विभाग के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये गए जो कि आज दिनांक से श्रम निरीक्षकों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रम पदाधिकारी जीडी गुप्ता,जन अभियान परिषद् से सुशील नामदेव समस्त टीम सहित एवं श्रम विभाग की टीम से सहायक श्रम अधिकारी आशा सरर्याम, श्रम निरीक्षक राहुल कुर्मी, पूजा अवस्थी, स्वाति राज उपस्थित रहे।

## कृषक अध्ययन भ्रमण दल को रवाना किया



**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की मिलेट मिशन खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजनान्तर्गत विकासखण्ड मोहगांव से कृषक अध्ययन दल तीन दिवसीय भ्रमण के लिए अमरकंटक रवाना हुआ। दल वाहन को जिला पंचायत सदस्य शिवपूसाम, जनपद उपाध्यक्ष शिव कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कृषकों को सम्मानित कर कृषकों के कल्याण के लिए शासन की प्रतिबद्धता के बारे में भी बताया गया।

कृषक दल में शामिल किसान उन्नत कृषि तकनीक एवं विधाओं की जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही कृषि के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधानों एवं नवीन विकसित तकनीकों का ज्ञान अर्जित करेंगे तथा इन्हें अपने क्षेत्र में अपनाकर कृषि को समृद्ध करेंगे। इस अवसर पर बसमतिया बाई, जितेंद्र नंदा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजकुमार मंडाले एवं अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## चुटका के ग्रामीणों ने नि:शुल्क बस सेवा को बेरंग वापस किया

**मंडला, देशबन्धु।** कल मंत्री सम्पत्तिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम,कलेक्टर सोमेश मिश्रा और मंडला नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने चुटका परियोजना द्वारा प्रदत्त चुटका से गोंझी पुनर्वास स्थल तक निरूशुल्क बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। परन्तु इसकी जानकारी चुटका के ग्रामीणों नहीं दिया गया था और न ही उनसे सहमति ली गई थी।

**आज सुबह जब यह बस गांव पहुंचा तो महिला** - पुरुष एकजुट होकर उसे तत्काल उसे वापस किया।चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के दादु लाल कुडापे ने कहा कि विगत शुक्रवार को मंडला कलेक्टर के चुटका आगमन के समय उन्हें चुटका ग्राम सभा द्वारा पारित 26 बिन्दुओं के प्रस्ताव की चर्चा किया था। उन्हें स्पष्ट कर दिया गया है कि 26 बिन्दुओं पर कार्यवाही पूर्ण हुए बिना गांव खाली नहीं होगा। महिला मोर्चा संघर्ष समिति की अध्यक्ष मीरा बाई मरावी ने कहा कि



परियोजना वाले हमलोगों को बहला फुसलाकर गांव खाली करवाना चाहते हैं, जो सफल नहीं होने वाली है, क्योंकि हम बरगी बांध में सरकार के झूठे वादों की त्रासदी झेल रहे हैं। वाहन वापस जाने के बाद गांव के महिला - पुरुष ने एक पंचनामा बनाया कि बस भेजने को लेकर हमारी ग्राम सभा और न ही पाठा पंचायत ने कोई प्रस्ताव दिया है।यह पांचवीं अनुसूची और पेसा नियमों का उल्लंघन है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक

**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक ली। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आयोजित बैठक में जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जन अकांक्षा पोर्टल पर लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निरीक्षण के दौरान चिन्हित बिंदुओं का पालन प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे। जिले के आधारभूत संरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशानुसार शासकीय भवनों एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। आंगनबाड़ी स्वास्थ्य केन्द्र और छात्रावास निरीक्षण के बाद इस क्रम में कलेक्टर ने जिले के समस्त वेयर हॉउस और पीडीएस शॉप के निरीक्षण के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम विभाग को निरीक्षण रोस्टर बनाने के लिए निर्देशित किया। रोस्टर के आधार पर जिला अधिकारी वेयर हॉउस और पीडीएस शॉप का निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर ने नगर परिषद डिंडौरी में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए सीएमओ से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए सुदृढ बनाकर कार्य करें। नगर की मंडी व्यवस्थित करें पॉलिथिन के उपयोग करते पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## चुटका कॉलोनी का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों के दल ने ग्राम पंचायत गोंझी में स्थित चुटका कॉलोनी के निर्मित भवनों का निरीक्षण किया।

इस दौरान कॉलोनी में निर्मित भवनों की स्थिति, पेयजल उपलब्ध कराए जाने को लेकर की जा रही तैयारियाँ तथा विद्युत व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों से जानकारियाँ ली गई। आवश्यकतानुसार भवनों की मरम्मत, बिजली फिटिंग, स्ट्रीट लाईट, नल फिटिंग आदि के संबंध



में चर्चा की गई। कॉलोनी में बनाए गए स्कूल भवन का भी दल ने निरीक्षण करते हुए भवन की पेंटिंग तथा आवश्यक फर्नीचर व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया। दल में एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम एवं एसडीएम निवास शाहिद खान शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन दिवस में शिकायतों का निराकरण कराएं : कलेक्टर



### समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक

**मंडला, देशबन्धु।** समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों में शिकायतें सिंगल डिजिट में हैं वे आगामी तीन दिवस में 100 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कराएं। जिले की रैंकिंग जारी होने में 10 दिवस का समय है। विभाग प्रमुख होली पर्व को देखते हुए त्यौहार के पहले ही अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। हाईकोर्ट की अवमानना तथा रिट पिटिशन केसेस की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि डब्ल्यूपी के सभी प्रकरणों में समय पर यथोचित जवाब लगाएं, साथ ही साथ अवमानना के प्रकरणों में माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार कम्पलाईन्स करें। ई-ऑफिस परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि ऑफिस हेड सुनिश्चित करें कि उनके अधीन सभी शासकीय कर्मचारियों के ई-मेल आईडी बनवाए जाएं। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठकों में एनआईसी को सूचित कर ई-ऑफिस का एक सेशन अवश्य करवाएं।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नि:क्षय अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि अगले 2 दिनों में शतप्रतिशत स्क्रीनिंग पूर्ण कराएं। आयुष्मान के शेष लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि आयुष्मान की डेली मॉनिटरिंग करें। फील्ड विजिट के दौरान सभी अनुविभागीय अधिकारी जल जीवन मिशन के कार्यों की मॉनिटरिंग करें। बिगड़े हुए हेंडपंप में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य करवाएं। अनुविभागीय स्तर पर भी जनसुनवाई करते हुए आवेदनों का समुचित निराकरण करें।

बैठक में राजस्व महाभियान 3.0, सांसद एवं विधायक निधि, बिजली बिल के बकाया, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम, आहार अनुदान हितग्राहियों की केवाईसी आदि विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, समस्त एसडीएम सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## नशामुक्ति अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय मासिक समिति की बैठक



**मंडला, देशबन्धु।** नशामुक्ति अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय मासिक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि प्रतिमाह दूसरे सोमवार को समिति की बैठक का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय परामर्श केन्द्र को और अधिक सक्रिय और सक्षम बनाएं। हायरसेकेंडरी स्कूल, आईटीआई तथा महाविद्यालयों में इससे संबंधित सेमीनार का आयोजन कराएं। इस कार्य में गैर सरकार संगठनों और सामुदायिक संस्थाओं का भी सहयोग लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय में माह में एक बार नशामुक्ति से संबंधित शपथ भी दिलाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपसंचालक सामाजिक न्याय रोहित बड़कुल ने अभी तक की प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, समस्त एसडीएम उपस्थित थे।